तुम मिले जी गए देखते देखते | By Raj Kumar (Raju Bhaiya)

ज़ख्म भी खाया कह नहीं पाया
साहस तक मैं कर भी ना पाया
आज हुआ क्या समझ ना आया
देख मुझे तू जब मुस्काया
दिल के जज्बात काबू में थे सांवरे
ये मचल भी गए देखते देखते
रोका अश्कों को मैंने बड़ा सांवरे
ये निकल ही गए देखते देखते
वो क्या जीना था हम तो मरे ही से थे
तुम मिले जी गए देखते देखते

तू सचमुच है पालनहारा दीन जनो का तू रखवारा
जबसे बना तू श्याम सहारा चमका मेरा भाग्य सितारा
गर्दिशों से भरे कैसे दिन थे मेरे
खुशनुमा बन गए देखते देखते
फूटी आँखों जिन्हे हम सुहाते ना थे
दोस्त वो बन गए देखते देखते

कदम कदम तू जनम जनम तू, कागज़ कोरा हूँ मैं कलम तू
लेहरी भजन तू महका चमन तू हे मनमोहन मन भावन तू
मुझको संगीत का सा आता ना था
साधना बन गए देखते देखते
पूछता भी ज़माने में कोई ना था
प्रार्थना बन गए देखते देखते

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%97%e0%a4%8f-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96%e0%a4%a4%e0%a5%87-by/